Print

XClose

Press Information Bureau
Government of India
Prime Minister's Office

28-December-2018 13:39 IST

Press statement by Prime Minister during state visit of Prime Minister of Bhutan to India

Your Excellency, प्रधानमंत्री डॉक्टर लोटे शेरिंग,

भूटान से यहाँ आए सभी विशिष्ट अतिथिगण,

Friends

यह वर्ष भारत और भूटान के राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती का वर्ष है। इस ऐतिहासिक और शुभ वर्ष में, प्रधानमंत्री डॉक्टर लोटे का भारत में हार्दिक स्वागत करना मेरे लिए हर्ष का विषय है। भूटान में इस वर्ष तीसरे आम चुनावों के सफ़ल संचालन के लिए भूटान सरकार और भूटान की जनता, दोनों का मैं ह्रदय से अभिनंदन करता हूँ। इन चुनावों में सफ़लता के लिए प्रधानमंत्री डॉक्टर लोटे को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भूटान सफ़लता और ख़ुशहाली की राह पर प्रगति करता रहेगा।

Friends.

प्रधानमंत्री डॉक्टर लोटे ने भूटान के लिए उनके “narrowing the gap” vision के बारे में मुझे विस्तार से जानकारी दी। मैं उनकी दूरदृष्टि की सराहना तो करता ही हूँ, मुझे इसलिए भी बहुत प्रसन्नता है कि उनका vision मेरे "सबका साथ, सबका विकास” के vision से मेल रखता है। मैंने प्रधानमंत्री जी को आश्वस्त किया है कि भूटान के विकास में भारत हमेशा की तरह एक भरोसेमंद मित्र और साझेदार की भूमिका निभाएगा। भूटान की 12वीं पंचवर्षीय योजना में भारत चार हज़ार, पाँच सौ करोड़ रूपए का योगदान देगा। यह योगदान भूटान की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप होगा।

Friends.

भारत और भूटान के सहयोग के लंबे इतिहास में hydro projects में सहयोग एक अहम हिस्सा रहा है। आज हमने इस महत्वपूर्ण sector में सभी संबंधित projects में अपने सहयोग की समीक्षा की। यह प्रसन्नता का विषय है कि मान्ग-देछू project पर काम शीघ्र ही पूरा होने वाला है। इस project के tariff पर भी सहमति हो गई है। अन्य projects पर भी कार्य संतोषजनक प्रगति कर रहा है। और हम दोनों सभी projects को और अधिक गति देना चाहते हैं। हमारे सहयोग में एक नया आयाम अंतरिक्ष विज्ञान का है। मुझे प्रसन्नता है कि South Asian Satellite से लाभ उठाने के लिए ISRO द्वारा भूटान में बनाया जा रहा Ground-Station भी शीघ्र तैयार होने वाला है। इस project के पूरा होने से भूटान के दूर-दराज के क्षेत्रों में भी मौसम की जानकारी, tele-medicine और disaster relief जैसे कार्यों में मदद मिलेगी।

Friends,

आज प्रधानमंत्री डॉक्टर लोटे ने मुझे एक खुशखबरी भी दी है। भूटान सरकार ने शीघ्र ही RuPay Cards को launch करने का निर्णय लिया है। Excellency, इस निर्णय के लिए मैं आपका ह्रदय से आभार प्रकट करता हूँ। मुझे विश्वास है कि इससे दोनों देशों के बीच people-to-people संबंधों को और अधिक बल मिलेगा।

Excellency.

आपने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। और, चार वर्ष पहले, प्रधानमंत्री के रूप में मेरी पहली विदेश यात्रा भूटान की थी। एक दूसरे के साथ सहयोग मजबूत करने के लिए, विकास की राह पर क़दम से क़दम मिला कर आगे बढ़ने के लिए, हमारी साझा प्रतिबद्धता का यह प्रतीक है। मुझे विश्वास है कि आपकी यह भारत यात्रा हमारे संबंधों को एक नई गति देने में सफ़ल होगी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फ़िर भारत में आपका और आपके delegation का हार्दिक स्वागत करता हूँ।

धन्यवाद।

ताशी देलेग!

*****

एकेटी/एसएच/एसबीपी